हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

04 साईं धाम कॉलोनी में गंभीर रूप से घायल मिला...



07 करंट से युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने लगाया...





## खबर संक्षेप

### पुलिस स्मृति दिवस आज

**सागर।** पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर के अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज सुबह 8:00 बजे मकरोनिया स्थित 10वीं बटालियन पहुंचेंगे जहां पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक आज

**सागर।** 21 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक सुबह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य खरीफ 2024 की फसलों की स्थिति की समीक्षा करना और रबी 2024-25 के लिए प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करना है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित संभाग के संभाग आयुक्त सहित सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता गतिविधियां की

**सागर।** संचालनालय आयुष विभाग एवं जिला आयुष अधिकारी जोगेंद्र सिंह ठाकुर सर के मार्गदर्शन में 9 वें आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद ' के परिपालन आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता गतिविधियों के अंतर्गत जिला आयुष चिकित्सालय सागर द्वारा नागरिकों को आयुर्वेद में व्यवसायिक अवसरों को समझाने हेतु अश्वगंधा की खेती एवं अन्य औषधीय पौधों की खेती हेतु प्रोत्साहित और समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद नवाचार के अंतर्गत सागर जिले के निजी आयुर्वेद चिकित्सकों के साथ संभाषा परिषद का आयोजन कर डॉ आशीष पटेल के द्वारा व्याख्यान देकर 9 वे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के बारे में बताकर पेटेंट की प्रभावकारिता के बारे में बताकर आयुर्वेद में व्यावसायिक अवसरों हेतु नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में प्रोत्साहन देने के लिए बताया गया।

### एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सागर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं अनुदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए वेबसाइट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिए वेबसाइट पर पंजीयन विकल्प पर क्लिक करें। पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण-पत्र यदि आवेदक अनु.जाति, अनु. जनजाति का हो तो जानकारी प्रदान करनें। इस वर्ष कृषि विभाग के ऑनलाईन पोर्टल एमपी किसान पर पंजीयन के उपरान्त ही कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

## सागर नगर के इतिहास पुरुष विषय पर हुई परिचर्चा

# दांगी राजपूतों व मराठा शासन के इतिहास के विशद अध्ययन की आवश्यकताः विधायक शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर के इतिहास पर लेखन, अध्यापन रुचि रखने वाले सुधिजनों के समूह ने एक साथ बैठ कर सागर नगर का संस्थापक कौन विषय पर एक परिचर्चा की जिसमें कुछ निष्कर्षों तक पहुंचने की कोशिश की गई। अपर कलेक्टर सागर रूपेश कुमार उपाध्याय की पहल पर यह बैठक विधायक शैलेन्द्र जैन की उपस्थिति में समाजसेवी लेखिका नीलिमा पिंपलापुरे के निवास पर आयोजित की गईं।

बैठक में अपर कलेक्टर उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि हमें सागर नगर के इतिहास के उन महापुरूषों को चिन्हित करना चाहिए जिनका सर्वाधिक योगदान सागर की स्थापना और इसके व्यवस्थित स्वरूप देने में रहा है। उन्होंने कहा कि सागर के संस्थापक के रूप में दांगी राजपूत शासक उदयन शाह का नाम आता है, लेकिन उनके द्वारा स्थापित नगर को वृहद और नियोजित आकार देने में मराठा शासक गोविंद पंत खैर जिन्हें गोविंद पंत बुंदेले के नाम से मराठा इतिहास में जाना जाता है, उनके योगदान को और विस्तार से देखे जाने की आवश्यकता है। परिचर्चा में विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि नगर की पुरातन विरासत के



संरक्षण में सरकार निरंतर संलग्न हैं। विरासत के संरक्षण कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नगर में मौजूद प्राचीन स्मारकों के संरक्षण, उनके प्रचार प्रसार और पर्यटन क्षेत्र के रूप में नगर के विकास के लिए सागर के इतिहास की तथ्यात्मक जानकारी पर और अधिक काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सागर में मराठा कालीन इतिहास का अभी तक सही मूल्यांकन नहीं हुआ है।

सागर के इतिहास के अध्येता डा रजनीश जैन ने सागर नगर के चार कालखंडों में हुए क्रमिक विकास जानकारी परिचर्चा में रखी। आरंभिक बसाहट से ब्रिटिश कालीन इतिहास पर उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सागर में दांगी राजपूत शासनकाल और मराठा कालीन इतिहास, उस दौर की महत्वपूर्ण घटनाओं और नगर के निर्माण के चरणों को समझने के लिए प्रामाणिक एतिहासिक साक्ष्य जुटाए जाने की आवश्यकता है। राजस्थान के राजकीय व रजवाड़ों के संदर्भ ग्रंथालयों, पुणे के शनिवार वाड़ा स्थित पेशवा दफ्तर के पत्राचारों व पन्ना के महाराज छत्रसाल के वंशजों के संग्रह में मौजूद एतिहासिक संदर्भ सामग्री को जुटा कर उनके व्यवस्थित अध्ययन से सागर के प्रामाणिक वास्तविक इतिहास लेखन की आवश्यकता है। उन्होंने इन सभी राज दरबारों में रहे कवि, साहित्यकारों और विद्वानों के साहित्य को भी एतिहासिक संदर्भ में अध्ययन किए जाने पर जोर दिया।

डा हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर वीपी श्रीवास्तव ने गोविंद पंत खैर और बाजीराव पेशवा के जुड़ाव और खैर वंश परंपरा के सागर के शासकों पर प्रकाश डाला। प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष नागेश दुबे ने सागर के स्मारकों पर अपने विचार रखे।

परिचर्चा में समाजसेवी लेखिका नीलिमा पिंपलापुरे द्वारा लिखित बुंदेलखंड के इतिहास पुस्तक की सराहना की गई और उनके द्वारा मराठा शासक गोविंद पंत खैर पर लिखे गए आलेख पर चर्चा हुई। पिंपलापुरे ने सागर इतिहास के महापुरुषों के योगदान और मराठा इतिहास को पुनः व्याख्यित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

परिचर्चा में सागर ट्रैकर्स के प्रमुख अतुल जैन बहेरिया, ईएमआरसी के डायरेक्टर पंकज तिवारी, इंटेक सागर चेप्टर के को-कन्वीनर अनिरुद्ध पिंपलापुरे, व्याख्याता प्रफुल्ल हलवे, वरिष्ठ फोटो ग्राफर गोविंद सरवैया ने भी महत्वपूर्ण विचार रखे।



### पेड़ बूढा ही सही फल नहीं देता है लेकिन छाया तो देता हैः साध्वी कृष्णानंद महाराज

**सागर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का पांचवा दिवस था आज साध्वी जी ने फरमाया कि जैसे पेड़ बूढ़ा हो जाता है भले वह फल नहीं देता है लेकिन वहां से जो भी राहगिर आते जाते हैं उनको छाया तो अवश्य ही देता है। ऐसे ही हमारे घर के जो बड़े बुजुर्ग हैं भले ही वह बुजुर्ग हो गए हो कोई काम भी नहीं कर सकते लेकिन परिवार में हमारे ऊपर उनका सानिध्य रहता है एवं उनके अनुभव हमें प्राप्त होते रहते हैं। आज की युवा पीढ़ी के हाल आपके सामने छुपे हुए नहीं है कैसे आज की बहुऐ अपने सास ससुर को वृद्धा आश्रम भी छोड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। हमें अपने बड़े बुजुर्गों का पालन पोषण करना है एवं उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर हमें चलना है। आगे पूज्य साध्वी जी ने फरमाया कि वासुदेव से अपनी बहिन का विवाह कर कंस खुशी-खुशी अपनी बहिन को रथ में स्वयं छोड़ने के लिए जा रहा था तभी आकाशवाणी होती है कि हे कंस तुम्हारे अत्याचारों का अंत समय आने वाला है और जिस बहिन को तुम आज खुशी-खुशी उनको छोड़ने के लिए विदाई करके जा रहे हो इसी देवकी के आठवें पुत्र से तुम्हारा वध होगा। यह सुनकर कंस ने अपनी बहिन को कारागृह में डाल देता है और देवकी और वासुदेव की सातो संतानो का वध कर देता है, और आठवीं संतान योग माया आकर बोलती है कि जिसको तू मार रहा है उसका तो जन्म हो चुका है। कंस ने अपनी बहिन पुतना को बुलाता है और कहा कि गोकुल में जितने भी शिशुओं ने जन्म लिए हैं उन सबको विष लगाकर स्तनपान कराऔ और सभी को मौत की नींद सुला दो। जैसे ही श्री कृष्ण को उसने दूध पिलाने की कोशिश की भगवान ने दूध पीते पीते विष को पीकर पूटना के प्राण ही हरण कर लिए तब पूतना अपने राक्षसी स्वरूप में सामने आई और इस प्रकार पूतना को भी मुक्ति मिली।



### स्वच्छता से दिव्यता तक अभियान का समापन

**सागर।** सत्य साई सेवा संगठन ने 'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया गया। रविवार को इस यज्ञ की पूर्णाहुति सुबह पहलवान बब्बा मंदिर में सफाई के साथ हुई। सेवादल ने पूर्णाहुति के साथ नए सेवा संकल्प लिए। जिसमें नवंबर में होने वाले विश्व अखंड भजन, साई जन्मोत्सव, वेद पाठ, भजन, नारायण सेवा, बाल विकास कक्षाओं को बढ़ाना और पादुका रथ आने के दायित्व शामिल हैं। सेवादल में जिलाध्यक्ष श्रीराम दुबे, संयोजक जितेंद्र यादव, बीके गुरु, करुणा गुरु, कीर्ति दुबे, ऋषिका विश्वकर्मा, संजीव सुहाने, प्रशांत भट्ट, सुशील भार्गव, सुरेश साहू, रमेश विश्वकर्मा, हरगोविंद पटेल, सतपाल यादव, राजू प्रजापति उपस्थित थे।

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 पूर्ण निष्पक्षता व गंभीरता से सफलता पूर्वक सम्पन्न कराएः संभागायुक्त रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 इस वर्ष 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक शहर के 01 परीक्षा केंद्र - शास. स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सागर पर एक सत्र में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का 25 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक रहेगा व 26 अक्टूबर को होने वाली हिंदी निबंध की परीक्षा का समय ही प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा।

इस परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 113 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें। ततसम्बंध में सागर संभाग के संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने शहर के परीक्षा केंद्र के प्राचार्य एवं केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ़लाईंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024, म.प्र. लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जावे। उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए की परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी शनिवार तक पूर्ण कर ली जावे व आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जावे। म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा में संभागीय पर्यवेक्षक के रुप में अनिल पारे, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश होंगें।

परीक्षा कक्ष में मोबाइल, केल्कुलेटर, पठन सामग्री, समस्त प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस, जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते है। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में व्हाईटनर एवं एसेसरीज़ जैसेः- बालों को बंधने का क्लचर/बक्कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स/वालेट, टोपी वर्जित है।



### महापौर संगीता तिवारी से मिले कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी से नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष हरेंद्र खटीक और सचिव माधव चढ़ार ने महापौर निवास में भेंटकर आशीर्वाद लिया। महापौर तिवारी ने उनको बधाई दी और जनहित और कर्मचारियों के हित में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस मौके पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार में कर्मचारियों के हितों के लिए यह संघ बना है। इसका गठन एक प्रक्रिया है। मेरा आग्रह है कि सभी कर्मचारी और नगरनिगम परिषद मिलकर सागर शहर के विकास के लिए कार्य करे। कर्मचारियों के कल्याण की जिम्मेदारी संघ के साथ ही हम सभी की है। इनका ध्यान रखा जायेगा और कर्मचारियों की समस्याओं को निपटाने में मिलकर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व पार्षद नरेश यादव भी मौजूद रहे।



सागर। होटल वरदान सिविल लाइन में सामूहिक करवा चौथ की पूजा करती महिलाएं। सामूहिक करवा चौथ का यह है 48 ब वर्ष है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ की छात्राओं ने राज्य में प्राप्त किया स्थान



**सागर।** आइकफ आश्रम भोपाल में 15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में जहाँ पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय सागर की छात्राओं ने गायन में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ की कलाकार छात्राओं कु पूनम यादव एवं मधुकामिनी कुशवाहा ने विद्यालय में उपलब्ध अल्प संसाधनों में ही निर्देशिका विनीता दुबे, जयंत विश्वकर्मा, रामगोपाल ठाकुर के मार्गदर्शन में पारंपरिक कहानी वाचन विद्या में पूरे राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी कला का परचम लहराया।छात्राओं की इस उपलब्धि पर जेडी मनीष वर्मा, संकुल प्राचार्य महेंद्र प्रताप तिवारी, प्राचार्य जे. पी. सोनी सहित सम्पूर्ण विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।





**सागर।** श्री धाम वृंदावन से सागर के बड़ा बाजार में श्री भक्तमाल कथा हेतु पधारे स्वामी श्री किशोर दास जू महाराज का महापौर संगीता तिवारी और महापौर प्रतिनिधि डा सुशील तिवारी ने स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

## बड़ा बाजार क्षेत्र में प्रारंभ हुई किशोरदास जी महाराज के मुखारविंद से भक्तमाल कथा

# कलयुग में केवल राम का नाम ही आधारः किशोरदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के मिनी वृंदावन कहे जाने वाले बड़ा बाजार क्षेत्र में परम पूज्य रसिक संत श्री 1008 श्री महंत श्री स्वामी पंडित किशोरदास जी महाराज श्री गोरेलाल कुंज श्री धाम वृंदावन से पधारे गुरुवर ने प्रथम दिवस श्री देव अटल बिहारी जी मंदिर प्रांगण बड़ा बाजार में श्री देव अटल बिहारी जी की पूजा अर्चना की। कथा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल तिवारी, वरिष्ठ नेता अनुराग प्यासी, भरत नेमा, पंडित अमित मिश्रा सहित जै जै शिष्य मंडल एवं भक्त मंडल सागर द्वारा पूज्य गुरुदेव का पुष्पमाला से स्वागत का आशीर्वाद लिया।

पूज्य गुरुदेव ने अपनी अमृतवाणी में कहा कि गूँगा बोल सकता है। बहरा सुन सकता है लंगड़ा चल सकता है लेकिन कब, जब ठाकुर की कृपा होती है। जहां हमारी पहुंच नहीं, जहां हम पहुंच नहीं पाते वहीं श्यामा जू बिहारी जी कृपा करते हैं। हमें बिहारी जी सरकार से अपने जीवन में भौतिक वस्तुएं नहीं मांगनी चाहिए अगर मांगना ही है तो चरणों की सेवा हमें मांगना



चाहिए दास को इन कमल रूपी चरणों की सेवा चाहिए। भजन की महिमा ऐसी होती है कि हमें मांगना नहीं पड़ता श्री ठाकुर जी को प्रसन्न कर लो तो यह भौतिक वस्तुएं बिन मांगे अपने आप आपके पास आएंगी। यह जो हमारी पलकें हैं उनको उठाया नहीं जाता यह तो अपने आप कार्य करती हैं ऐसे ही कृपा करुणा के द्वारा ठाकुर जी हमें प्रदान करते हैं हर क्षण हर पल आपकी कृपा बनी रहे कि हम आपको भजते रहे अंतःकरण में भक्ति विराजमान हो हे नाथ है मेरे नाथ यह शब्द भीतर से हो दिखावा नहीं, क्योंकि ठाकुर जी के चरणों में तो हृदय से भक्ति करना चाहिए यही सच्चाई ही काम आएगी जो हमारे हृदय से भाव निकलते हैं। आप बड़ा बाजार में श्री बांके बिहारी जी को वृंदावन धाम के ठाकुर जी को भजन यहां श्री ठाकुर जी के चरणों को देखकर तो भी आपको यही से श्री धाम वृंदावन के श्याम जू को सुमर सकते हैं और आपको यही अनुभूति होगी। कि आप साक्षात वृंदावन में हो भक्ति मार्ग ही केवल ऐसा मार्ग है अगर इस मार्ग का जीवन में अनुसरण कर लिया तो आपको सीधे ठाकुर जी अपने चरणों से प्रीत लगा देते हैं। कलयुग में केवल राम का नाम ही आधार है। आप केवल कम करें और केवल नाम जाप करें। नाम जाप से आपका उद्धार कलयुग में संभव है। मनुष्य मन इतना स्वार्थी है कि वह चाहता है कि उसके जीवन में कभी दुख कष्ट ना आवे। जब भगवान को भी 14 वर्ष वनवास बिताना पड़ा। पांडवों को अज्ञातवास जाना पड़ा। भगवान श्री कृष्ण के माता-पिता को अपना जीवन करावास में बिताना पड़ा तो फिर तो हम मनुष्य है। और इस मानव जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। परंतु इस उतार-चढ़ाव के समय में हम अगर भगवान का केवल जाप करते रहे तो उनसे बाहर निकालने की हमें शक्ति ईश्वर देता है। इसलिए कलयुग में कर्म करें और भगवान के नाम का खूब जाप करें।

इस अवसर पर अनुराग पाठक, प्रभात मिश्रा, अनिल दुबे, अजय दुबे, विनय मिश्रा संजू जड़िया, अमित सोनी, मोहनेश ,अब्बी साहू, दीपक, आदित्य पांडे, राहुल समेले, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।



### आम आदमी पार्टी जिला सागर कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, संगठन पर हुई चर्चा

**सागर।** रविवार को दीपक होटल सिविल लाइन सागर में जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह की अध्यक्षता एवं जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी की उपस्थिति में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में नए सिरे से संगठन विस्तार संबंधित चर्चा एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई , नवनिवयुक्त सागर जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह की अगुवाई में सभी पदाधिकारी ने पार्टी के संगठन में जान फूंकने एव तन मन धन से काम करने के लिए अपने-अपने विचार एवं सुझाव दिए। जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियो से चर्चा के दौरान इंजी डी के सिंह ने प्रेसवार्ता में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सागर जिले में जल्द ही पार्टी जिले विधानसभा, एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं की फौज खड़ा करके अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को मजबूत करेगी। पार्टी के सभी पदाधिकारी ने इंजी डीके सिंह को जिलाअध्यक्ष बनाये जाने पर मालाओ से स्वागत किया। आम आदमी पार्टी मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत राज ने मीडिया को बताया कि आज के जिला कार्यकारिणी की इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राधे मिश्रा, जिला सचिव हृदेश पाटकर, जिला यूथ विंग के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**बीना।** आगासौद पुलिस ने एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों एवं इनामी आरोपी की गिरफ्तारी एवं वारंट तामील किए गए है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान रामबाबू पिता सुन्नू उर्फ सुन्नी कुशवाहा उम्र 36 साल निवासी मनोरमा वार्ड बीना, चत्ती पिता हेमा बंजारा उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरखेड़ी टांडा, गोलेन्द्र पिता रतन सिंह दांगी उम्र 30 साल निवासी ग्राम मूढरी, लोकेन्द्र पिता रतन सिंह दांगी उम्र 30 साल निवासी ग्राम मूढरी को गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया है। इसके अलावा कॉम्बिंग गश्त के दौरान रामचरण पिता गोकल धानक उम्र 55 साल निवासी ग्राम महादेव खेडी को स्थाई गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। वहीं धारा 307, 458, 324, 294, 323, 506, 34 भादवि में 10 माह से फरार 3 हजार रूपए के इनामी आरोपी टिंकू उर्फ टीटू पिता चुन्नीलाल कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी ग्राम आगासौद को गिरफ्तार किया है। संपूर्ण कार्यवाही में भूमिका में थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक राधेश्याम पटेल, सउनि मोतीलाल पायरा, सउनि चंदेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक भुजबल सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक युधिष्ठिर रजक, आरक्षक रणवीर गुर्जर, आरक्षक राहुल सिकरवार, आरक्षक संदीप बघेल, की सराहनीय भूमिका रही।

### लोगों ने श्रमदान में दिया अपना योगदान

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 का चौथा चरण रविवार को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें सभी नगरवासियों ने शामिल होकर अपना योगदान दिया।

### भाजपा ने किया सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी के महासदस्ता अभियान में शनिवार से प्राथमिक सदस्यता के उपरांत सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ विधायक कार्यालय से हुआ है। जिसके प्रथम चरण में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, वरिष्ट भाजपा नेता देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, देवेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र मैना सहित वरिष्ठ नेताओं को प्रथम चरण में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने सदस्यता दिलाई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने सक्रिय सदस्य बनने की पूरी विधि को भी समझाया और कहा की सक्रिय सदस्य उसी कार्यकर्ता को बनाया जायेगा जिसने कम से कम 100 सदस्य बनाए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ जादौन ने कहा की कांग्रेस पार्टी का भाजपा की सदस्यता पर उंगली उठाना कांग्रेस की बौखलाहट है। क्योंकि भाजपा की सदस्यता देखकर कांग्रेस को अपनी बची खुची जमीन भी खिसकती दिख रही है।

---

**अंडर बायपास में भरा पानी बना मुसीबत**



**गंजबासौदा।** हरदूखेड़ी अंडर बायपास में बारिश निकल जाने के बाद भी पानी भरा हुआ है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशानी रात्रि के समय निकलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को उठाना पड़ती है। कई बार दो पहिया वाहन चालक फिसल कर घायल हो चुके हैं।

## नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर लगे कोबल उखड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर पहुंच मार्ग पर कुछ माह पहले ही लाखों रुपए की लागत से कोबल लगाए गए थे। मार्ग निर्माण के दौरान भी यहां के रहवासियों ने संबंधित ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग न करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद कुछ दिनों तक निर्माण कार्य बंद भी रहा था। लेकिन कुछ दिनों बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा पुनः पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शुरु कर दिया था। यहां के रहवासियों ने बताया कि पहुंच मार्ग के निर्माण में कोबल को चिपकाने के लिए गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। जिसके कारण बारिश निकलते ही कोबल का उखड़ना शुरु हो गया है। रहवासियों ने संबंधित ठेकेदार से कोबल को पुनः सही ढंग से मरम्मत किए जाने की मांग की है।

---

### दोनों घटनाओं में 11 लोग घायल, गंभीर घायलों को विदिशा रेफर किया

# बागरोद चौराहा पर कार आपस में टकराईं, त्योंदा में यात्री बस पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात त्योंदा के सरकारी अस्पताल के पास अंधे मोड पर महाकाल ट्रेवल्स की स्लीपर बस पलट गई। जिसमें 6 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं बागरोद के पास दो कारों की आमने सामने टक्कर में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को विदिशा रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार निजी ट्रेवल्स की यात्री बस बीती रात त्योंदा से होकर गुजर रही थी। तभी रात करीब 3.30 बजे बस अस्पताल के पास अंधे मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की जानकारी लगते ही त्योंदा थाना प्रभारी बलबीर सिंह गौर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों और पुलिस ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला। हादसे में घायल यात्रियों को पास ही स्थित






शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों का उपचार किया गया। घायलों में बस क्लीनर जतारा तहसील के ग्राम खरोई निवासी रज्जन सिंह ठाकुर 40 वर्ष, यात्री विरोरा निवासी गुलजारी विश्वकर्मा 35 वर्ष, अंशुल विश्वकर्मा 12 वर्ष, प्रकाश विश्वकर्मा 48 वर्ष, राजगढ़ निवासी मुन्नी बाई 35 वर्ष, टीकमगढ़ निवासी शुभम मिश्रा 30 वर्ष शामिल हैं। इनके अलावा अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों में कुछ व्यापारी भी शामिल हैं जो इंदौर से सामान खरीद कर टीकमगढ़ की ओर जा रहे थे। उपचार के बाद यात्री दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना हो गए। हादसे में किसी को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई है। बस जरुर क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरी ओर बागरोद चौराहा पर दो कार आपस में टकराकर गईं। जिसमें एक कार टक्कर के बाद पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि एक कार के एयर बैग खुल गए। इस दुर्घटना में महिला सहित 5 लोग घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को विदिशा रेफर कर दिया गया। घायलों में एक कार में सवार कन्हैया सिंह ठाकुर 45 वर्ष, कमला सिंह ठाकुर 36 वर्ष, अनंत सिंह ठाकुर 13 वर्ष और दूसरी कार के छतरपुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर 48 वर्ष, भास्कर पचौरी 35 वर्ष शामिल हैं। घायलों ने बताया कि वह भोपाल से छतरपुर लौट रहे थे तभी हादसा हो गया।

## साईं धाम कॉलोनी में गंभीर रूप से घायल मिला युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शनिवार की रात तहसील कार्यालय के पास साईं धाम कॉलोनी में खून से लथपथ युवक मिला है। जिसका सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार 19 अक्टूबर की रात्रि करीब 11 बजे एक गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया। उस समय घायल व्यक्ति अकेला एवं अज्ञात था। रात्रि में आपातकालीन ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिया जैन एवं डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सिटी पुलिस को घायल की सूचना दी गई। सूचना उपरांत एसडीओपी नितेश पटेल एवं टीआई अनूप यादव पुलिस स्टॉफ के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और घायल की जानकारी ली। घायल युवक के साथ धारदार हथियारों से मारपीट होने की संभावना के तहत घायल की एमएलसी कार्रवाई की गई। जांच में घायल की पहचान राजभान कुर्मी पिता भगवान कुर्मी निवासी साईं धाम कॉलोनी के रूप में हुई। जिसके पास से पुलिस को खराब हालत में टूटा-फूटा एक मोबाइल भी मिला है। घायल की गंभीर हालत होने एवं खून ज्यादा बह जाने के कारण ड्यूटी डॉक्टर द्वारा घायल राजभान को प्राथमिक उपचार देकर 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

---

## नगर के राजपूत हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस भोपाल के मानस भवन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासभा का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में नरेंद्रसिंह तोमर, प्रदुमन सिंह तोमर, गोविंद सिंह राजपूत, इंदर सिंह परमार, जगदीश सिंह राघव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित 18 राज्यों के अध्यक्ष, प्रतिनिधियों, समाजसेवियों के द्वारा समाज, संगठन, शिक्षा, शासकीय सेवा एवं राजनीति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर के भगवान सिंह राजपूत, वीरेंद्रसिंह राजपूत एडवोकेट, सीबी सिंह गौतम, चंदर सिंह राजपूत मसूदपुर, देवेंद्रसिंह जादोन मन्नूजी, जगदीप सिंह राजपूत मसूदपुर, डॉ हरिश्चंद्र राजपूत, रूपसिंह राजपूत को क्षत्रिय "कुलभूषण" से अलंकृत किया गया एवं प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, अमानसिंह राजपूत एडवोकेट, निरंजन सिंह राजपूत बंटी, सतनाम सिंह राजपूत को क्षत्रिय "रत्न" के अलंकरण से सम्मानित किया गया।

## 2 बच्चों के साथ चलती ट्रेन में चढ़ रही महिला गिर कर हुई घायल, सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बीना से रीवा जा रही एक महिला चलती ट्रेन से गिर कर घायल हो गई है। जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार बीना में फसल काटने आए मजदूर रविवार को घर वापस लौट रहे थे। जिसमें से गीता पति श्यामलाल कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी थाना ताला, तहसील अमरपाटन जिला मैहर अपने 2 बच्चों के साथ चलती ट्रेन में चढ़ रही थी। इसी दौरान ट्रेन में चढ़ते समय रेलवे स्टेशन पर गिर गई और वह ट्रेन से गिर कर घायल हो गई। घायल महिला को एंबुलेंस से



सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने महिला का इलाज कर सागर रेफर कर दिया। परिजन श्यामलाल ने बताया कि हम लोग फसल कटाई के लिए आए थे। रविवार को करीब 10-15 लोग घर वापस जा रहे थे। सभी लोग अलग-अलग बोगी में बैठ गए थे। गीता बच्चों के साथ चलती ट्रेन में चढ़ रही थी, जो गिरकर घायल हो गई। जिससे गीता के हाथ, पैर एवं पेट में चोट आई है। जिसका इलाज सागर में चल रहा है।

## मोतीचूर नदी में मिला युवक का शव



**बीना।** रिफाइनरी तिराहा के नजदीक मोतीचूर नदी में भगत सिंह वार्ड निवासी एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई चमन लाल रैकवार ने बताया कि वह सुबह खेत पर काम करने के लिए निकला था। जो दोपहर के समय घर वापस लौट रहा था। लौटते समय रास्ते में पड़ने वाली मोतीचूर नदी में भाई सूरज रैकवार पिता छोटे रैकवार उम्र 21 वर्ष नदी में डूबे हुए मिले है। जिन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, अस्पताल में डॉक्टर ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर सिविल अस्पताल में मृतक का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है। वहीं मर्ग की जांच शुरू कर दी है।

---

### शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# युवा उत्सव में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव का समापन हुआ। जिसमें महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। सांगितिक पक्ष गायन - समूह गान भारतीय में रोहिणी शर्मा एवं वैशाली अहिरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, एकल वादन परकुशन में रोहिणी शर्मा प्रथम एवं शिवम अहिरवार द्वितीय स्थान तथा एकल गायन सुगम में रोहिणी शर्मा ने प्रथम, श्रेष्ठी समैया द्वितीय और सुहानी भार्गव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक पक्ष एकल नृत्य शास्त्रीय में अंजलि झा ने प्रथम, समूह नृत्य, लोक नृत्य में कृतिका सोलंकी एवं भूमि अहिरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं एकांकी में डोली रैकवार, रेशम कुशवाह, डोली अहिरवार, खुशबू राय, योगिता भार्गव, मुस्कान गोड़ एवं दीपा प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साहित्यिक पक्ष में वक्रता भाषण में हिमांशी दुबे ने प्रथम, आशुतोष उपाध्याय ने द्वितीय एवं रामादित्य सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद पक्ष में शिवम सेन प्रथम एवं विपक्ष में अनामिका उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच में शोहिब खान, रितिक राठौर और निखिल शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान तथा अनामिका उपाध्याय, स्नेहा उपाध्याय एवं मोनिका कुशवाहा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

रूपांकन पक्ष के अंतर्गत रंगोली में रवि राय ने प्रथम, पोस्टर निर्माण में अनामिका शर्मा प्रथम, सलोनी साहू द्वितीय, स्नेहा अहिरवार तृतीया रही। कार्टूनिंग में राधिका शर्मा ने प्रथम तथा चित्रकला में शिवानी राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर समस्त फैकेल्टी एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। युवा उत्सव प्रभारी द्वारा बताया गया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित प्रतिभागी जिले स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे।

## 'शैक्षणिक संवाद से विद्यार्थियों को सीखने मिलता है'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जन शिक्षा केंद्र स्तर पर हर महीने होने वाले शैक्षिक संवाद का आयोजन शासकीय कन्या विद्यालय गांधी चौक में किया गया। जनशिक्षक वीरेंद्र दिवाकर और अमित श्रीवास्तव की उपस्थिति मे शाला प्रधानाध्यापक सतीश शर्मा ने आयोजन का शुभारंभ किया।

जन शिक्षा केंद्र नौघई के सभी प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के शिक्षको ने इस शैक्षिक संवाद में भाग लेकर अपने विचार रखे। इस अवसर पर सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया शैक्षिक संवाद जरूरी है। इससे विद्यार्थियो के सीखने के स्तर का पता चलता है। पढ़ाने में आ रही परेशानी दूर करने आपस में चर्चा कर पढ़ाने के नए तरीके ढूंढ़कर समस्या का हल निकालने इस तरह के संवाद महती भूमिका अदा कर रहे है। जन शिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित होने वाले इस शैक्षिक का उद्देश्य शिक्षकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है। जिसमें वह आपस में चर्चा और संवाद के माध्यम से अध्ययन और अध्यापन में आने वाली चुनौती का समाधान स्वयं खोज सकें। एक-दूसरे के अनुभव से सीखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। सहजकर्ता भागमल बमन्या ने बताया। इस संवाद के दौरान जन शिक्षा केंद्र स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर निर्धारित विषयों के अनुसार अगले महीने पढ़ाए जाने वाली विषय-वस्तु के बारे में पढ़ाने के विभिन्न तरीके, टीएलएम का निर्माण व उपयोग आदि पर अपनी समझ को और अधिक उन्नत कर सकेंगे। जन शिक्षा केंद्र शैक्षणिक संवाद के रूप में प्रतिस्थापित हो सके। इसके लिए इस संवाद के संचालन का दायित्व शिक्षक साथियों के हाथ में रहेगा।

इस शैक्षिक संवाद का विषय आवधिक आंकलन मे आने वाली समस्याओ को सुलझाना, ट्रैकर अपडेट एवं आओ दोहराऐ पुनर्बलन सहित संकलन प्रपत्र कराधान विषय पर पाठ योजना निर्माण करना था। इस अवसर पर जितेन्द्र नामदेव, सैयद लियाकत अली, अनूप दुबे, शकुंतला अवस्थी, अनिल शर्मा, पृथ्वी सिंह रघुवंशी, साधना सोनी, दीपा रघुवंशी, सोफिया खातून, रूचि श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नगर पालिका ने दल का किया गठन



**गंजबासौदा।** गत दिवस नगरपालिका ने कार्रवाई के लिए दल का गठन किया, जो नियम निर्देशों का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई करेगा। यह दल सोमवार से कार्रवाई प्रारंभ कर देगा। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नपा द्वारा नगर विकास को लेकर निर्माण कार्य, सौंदर्यकरण, साफ, सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिससे नगर को साफ, सुथरा रखा जा सके।

### जमूर्दी में करंट से युवक की मौत का मामला, मौके पर पहुंचे जंडेल सहित अन्य कई कांग्रेस नेता

# करंट से युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, 4 घंटे थमे रहे वाहनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के जमूर्दी गांव में शनिवार को खंभे पर काम करते समय एक युवक की करंट लगने से हुई मौत के मामले को लेकर गुस्साए परिजनों और समाज के लोगों ने रविवार को शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे करीब 4 घंटे तक वाहनों के पहिए थमे रहे। जाम लगाने वाले परिजन और उनके समाज के लोग इस बात पर अड़ गए कि परमिट लेने के बाद भी जिस बिजलीकर्मी ने सप्लाई चालू की, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र मे उप चुनाव की बयार चलने के कारण श्योपुर के कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल सहित अन्य कई कांग्रेस नेताओं ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों की मांगों का समर्थन किया। पुलिस ने जब दोषी बिजलीकर्मी पर एफआईआर दर्ज कर दी और अधिकारियों ने अन्य मांगों के लिए नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तो ग्रामीण मान गए और जाम खुल गया।

बता दें कि शनिवार को ग्राम जमूर्दी निवासी नवल किशोर कुशवाह पुत्र रामप्रसाद कुशवाह जब बिजली के खंभे पर चढ़कर पप्पू माली के बोर के तार जोड़ रहा था। तभी नवल की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि खंभे चढ़कर तार जोड़ने के लिए बिजली सब स्टेशन रघुनाथपुर से विधिवत परमिट भी लिया गया। इसके बाद भी बिजली सप्लाई चालू कर दी गई। करंट से मौत की घटना के बाद न तो बिजली कंपनी के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और न ही प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी। जिसकारण काफी देर तक नवल किशोर का शव खंभे पर ही लटका रहा इसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। शाम को किसी तरह समझाइस देकर शव को खंभे से नीचे उतारा और पीएम के लिए विजयपुर अस्पताल पहुंचाया।



### चुनावी सीजन के चलते कांग्रेस ने हाईजैक किया मुद्दा

शव के साथ सड़क पर जाम लगाकर बैठे मृतक परिवार के साथ अचानक कांग्रेस नेता पहुंच गए और पीड़ित परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने लगे। ज्ञात हो कि विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव होना है और मृतक के परिजन भी इसी विधानसभा क्षेत्र से आते हैं इसको देखते हुए जैसे ही इस घटनाक्रम की सूचना मिली श्योपुर विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस नेता नीटू सिकरवार, पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाह सहित कई कांग्रेसी मौके पर पहुंच गए और धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए। जब मौके पर लोगों का विरोध बढ़ता देखकर आनन फानन में पुलिस ने ड्यूटी पर मौजूद बिजलीकर्मी धीरज रावत के खिलाफ मर्ग जांच उपरांत एफआईआर दर्ज कर उन्हें एफआईआर की कॉपी उपलब्ध करा दी। वहीं दो अन्य मांगो को लेकर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा अधिकारियों की ओर से दिलाया गया। तब कहीं जाकर दोपहर 3 बजे जाकर परिजन माने और जाम हटाकर शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए।

### परिजनों ने लगाया जाम, बोले दोषी बिजलीकर्मी पर करो केस

रविवार को जब परिजन विजयपुर अस्पताल से पीएम के बाद शव को लेकर गांव लौट रहे थे, तभी परिजनों ने अपने समाज के लोगों और ग्रामीणों के साथ सुबह 11 बजे के आसपास नहर फाटक के पास रघुनाथपुर सड़क पर शव के साथ जाम लगा दिया। परिजनों की मांग थी कि जिस बिजलीकर्मी की लापरवाही से नवल किशोर की जान गई है, उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। मृतक के परिजनों को 10 लाख की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। सूचना के बाद रघुनाथपुर थाना पुलिस के साथही डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल और एसडीएम उदयवीर सिंह सिकरवार भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से चर्चा करते हुए समझाइस दी। लेकिन आक्रोशित परिजन अड गए कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी,तब तक हम यहां से नहीं उठेंगे।

### इनका कहना...

इस घटना के लिए दोषी बिजलीकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। अन्य मांगों को लेकर आगे की कार्रवाई नियमानुसार किए जाने की बात मृतक के परिवार जनों से कही तो वे मान गए।

**पीएन गोयल**
**डीएसपी हेडक्वार्टर**

### सोंईकलां में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने निकला पथ संचलन

# देशभक्ति गीतों पर स्वयंसेवकों ने मिलाए कदमताल, जगाया देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोंईकलां



संगठन गढ़े चलो.., सुपथ पर बढ़े चलो, भला हो जो देश का वो काम किए चलो। जननी-जन्मभूमि स्वर्ग से महान है,इसके वास्ते ये तन है मन है और प्राण है। जैसे देश भक्ति गीतों की धुन पर रविवार को संघ के स्वयंसेवको ने कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए न सिर्फ अपने कदम ताल मिलाए,बल्कि लोगों में देश भक्ति का जज्बा भी जगाया। अवसर था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोंईकलां खण्ड ईकाई के द्वारा रविवार को निकाले गए पथ संचलन का। पथ संचलन का कस्बे में कई जगह स्वागत किया गया। पथ संचलन की शुरूआत सोंईकलां कस्बे के नयापुरा तिराहा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल परिसर से हुई। यहां पथ संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां स्वयंसेवको ने विविधत रूप से शस्त्रों की पूजा की। शस्त्रपूजन के बाद बौद्धिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जिसमें संघ के सह जिला कार्यवाह सत्यनारायण शिवहरे, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे, जबकि खंड संघ चालक भास्कर गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाह शिवहरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके द्वारा किए गए कार्यो को रेखांकित किया। वहीं इसी साल से शुरू होने वाले शताब्दी वर्ष के दौरान संघ के द्वारा देशभर में क्या क्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,इसके बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के दौरान संघ कार्यविस्तार और पंच परिवर्तन को लेकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से ही समाज में परिवर्तन आएगा। पंच परिवर्तन के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली, पर्यावरण को लेकर पूरे देश में काम किया जाएगा।

बौद्धिक कार्यक्रम के मिडिल स्कूल परिसर से पथ संचलन शुरू हुआ। जो गोपालपुरा रोड, गुर्जर मोहल्ला, शिवहरे मोहल्ला, पडसावत मोहल्ला, गोपालपुरा रोड होते हुए मैन बाजार पहुंचा। पथ संचलन में दो समानांतर कतारों में कदम बढ़ाते अनुशासित स्वयं सेवक देशभक्ति गीतों का उद्घोष करते हुए सुपथ की ओर कदम बढाकर लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का किसी जगह आरती उतारकर तो किसी पुष्पा वर्षा करके स्वागत किया। मुख्य बाजार से पथ संचलन कुम्हार मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, यादव मोहल्ला, बिहारी जी मंदिर गली, गौड मोहल्ला और बस स्टैंड होते हुए वापस मिडिल स्कूल परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

# आए दिन होता है नाला चौक राहगीरों को आती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




पुल दरवाजा के पास रविवार को नाला चौक होने से दिनभर सड़क से पानी भरकर निकलता रहा। नालियों का मंदिर से लेकर पुल दरवाजा तक वाले क्षेत्र में नाला पुराना और जर्जर होने के कारण आए दिन ओवरफ्लो हो जाता है। जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है।

वैसे तो श्योपुर शहर में जल निकासी व्यवस्था राजा महाराजाओं के जमाने की है सैकड़ो साल पहले बनाए गए नाले शायद आज की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं बनाए गए होंगे। हालांकि यह नाले बहुत गहरे और पानी के बहाव के लिए पर्याप्त है लेकिन तब पॉलिथीन चलन में नहीं आई थी अब पॉलिथीन के कारण नाले हमेशा चौक होते रहते हैं जिससे नगर पालिका के सफाई कर्मियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। टोडी गणेश बाजार, मालियों का मंदिर और पुल दरवाजा क्षेत्र में इस तरह की परेशानी आए दिन देखने को मिलती है। रविवार को भी ऐसी ही परेशानी से लोगों को दो-चार होना पड़ा। हालांकि नगर पालिका ने बाद में कर्मचारियों के माध्यम से नाले की सफाई करा कर पानी में निकासी बहाल कर दी थी।

### श्रद्धाभाव के साथ मना करवाचौथ का पर्व

# सुहागिन महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर मांगा अखंड सुहाग



**श्योपुर।** अखंड सौभाग्य और पति की मंगलकामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने रविवार को करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा और चंद्रमा को अर्घ्य देकर अखंड सुहाग की कामना की। महिलाओं ने सुहागिन के जोड़े में सज-धजकर विधिवत पूजा अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया और छलनी में पहले चंद्रमा और बाद में पति की सूरत निहारकर व्रत तोड़ा। शास्त्रों के अनुसार करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं के पति दीर्घायु होते हैं। पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। करवाचौथ की तैयारियां महिलाओं ने एक दिन पहले ही कर ली थी। सुबह सूर्योदय से पहले ही उठकर महिलाओं ने इस व्रत की तैयारियां शुरू कर दी। दिनभर महिलाएं निर्जला रही और शाम को विधिवत पूजा अर्चना और कहानी सुनने के बाद चंद्रमा के अर्ध्य दिया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने पहले चलनी से चांद, फिर पति को देखा,इसके बाद पति द्वारा करवे से पानी पिलाने के बाद व्रत तोड़ा करवाचौथ का उत्साह नई नवेले जोड़ों में अधिक रहा। घर की सभी सुहागिनों ने यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहर सहित जिलेभर में यह पर्व पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

# कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ और संचालक को हटाया जाए: राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन ऑथारिटी,भारत सरकार ने वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत पर मप्र सरकार वन विभाग से जवाब तलब किया। साथही सिंह परियोजना संचालक उत्तम शर्मा और कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर थिरूकुलर से उनको हटाने के बिंदु का जवाब भी उन्हीं से पूछा गया। यह जानकारी किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने दी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राथमिकता वाले चीता प्रोजेक्ट को बचाने के लिए उक्त दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाए जाने की मांग उठाई है।

किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने बताया कि इस मामले को लेकर गत 7 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट श्योपुर पर प्रदर्शन किए जाने के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव व सीएम डॉ मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया और वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट की शिकायत पर पांच बिंदुओं पर जांच शुरू करने की मांग की गई है। मूंडला ने आरोप लगाया कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों को अवैधानिक तरीके से 110 बार ट्रेंकुलाइज किया गया। क्योंकि इसमें विभागीय अनुमति और उसका कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 11 में शेड्यूल 1 में चीता को ट्रेंकुलाइज करने के लिए चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन की अनुमति अनिवार्य है जिसका उलंघन कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर थिरूकुलर और सिंह परियोजना के संचालक उत्तम शर्मा द्वारा किया गया है। चीतों के स्वास्थ्य के साथ जानलेवा व्यवहार किया गया। कुछ दिन पूर्व मृत पवन चीता की मॉनिटरिंग में भी लापरवाही हुई है और अनावश्यक इसे अवैध रूप से ट्रेंकुलाइज किया गया जो इसके लिए घातक साबित हुआ अन्य मृत चीतों में यही कारण जानलेवा साबित हुआ हो। उधर सिंह परियोजना के संचालक उत्तम शर्मा ने सभी आरोप को गलते हुए बताया कि चीतों के संबंध में सभी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और नियमों के अनुसार की ही गई है।

### 6 एसएसटी नाके स्थापित, 24 घंटे तैनात रहेंगी टीमें

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा विजयपुर में विधानसभा उप निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए श्योपुर जिले कि अंतर्राज्यीय सीमाओ सहित अन्य स्थानो पर अवैध शराब, नकदी, शस्त्र सहित मतदाताओ को प्रलोभन देने के लिए लाई जाने वाली वस्तुए सामग्री तथा अन्य संदेहास्पद सामग्री पर निगरानी रखने तथा कार्यवाही करने के लिए 6 एसएसटी नाके स्थापित किए गए हैं। इनमें 3 नाके अंतर्राज्यीय सीमा पर तथा 3 नाके जिले की सीमा पर स्थापित किये गये है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्थान से लगने वाली अंतर्राज्यीय सीमा पर सामरसा, जलालपुरा तथा कुहांजापुर में एसएसटी नाके बनाए गए है। इसी प्रकार विनेगा-नहरखेडा, गढी-खरीपुरा तथा बांसरैया में जिले की सीमा पर एसएसटी नाके स्थापित किये गये है। सभी एसएसटी नाको पर 24 घंटे निगरानी के लिए तीन पालियो में अधिकारियों कर्मचारियों, सहित पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है। सभी नाको पर वीडियोग्राफर भी रहेंगे।

### अतिरिक्त नहीं फेंकने लायक़ कपड़ों का त्याग कर रहे शहर के दानदाता

# दीपावली नजदीक आते ही बढ़ जाते हैं नेकी की दीवार पर अनुपयोगी कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जरुरतमंदों को उनकी पसंद अनुसार पुराने कपड़े मुहैया कराने की गरज से शुरु की गई 'नेकी की दीवार' अब औपचारिक रह गई है। इस अभियान के तहत कोतवाली के नीचे चिन्हित किए गए नेकी की दीवार स्थान पर अब लोग जरुरत मुताबिक काम आने वाले पुराने कपड़े नहीं बल्कि घर में कचरा बन चुके कपड़ों को फैंक कर आ रहे हैं।

जो आपके पास ज्यादा हैं वह हमें दे जाए और जो आपके पास नहीं हैं वह यहां से ले जाए' इस स्लोगन की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से शुरु किया गया नेकी की दीवार कार्यक्रम कुछ समय तक तो सहीं चला। नेकी की दीवार के नाम पर नगरपालिका द्वारा बनाए गए स्टैंड पर लोगों ने अपने वह कपड़े और जूते इत्यादि रखने शुरु किए जो पहनने हुए तो थे, लेकिन इतने पुराने नहीं थे जिसे दोबारा इस्तेमाल न किया जाए। ऐसे कपड़े-जूते इत्यादि को जरुरतमंदों द्वारा ले जाकर उसका उपयोग किया जाने लगा। पूर्व वर्षों में दीपावली पर नेकी की दीवार से बड़ी संख्या में गरीबों ने पुराने कपड़े ले जाकर दीपावली मनाई थी लेकिन अब वह हवा हो गए। गरीब जरूरतमंदों को अब नेकी की दीवार पर एक भी कपड़ा ऐसा दिखाई नहीं दे रहा हैं जो पहनने लायक हो। लोगों ने वहीं कपड़े यहां लाकर डाले हैं जो घर पर कचरा बने हुए थे। दिवाली से पूर्व होने वाली घर की सफाई में कचरे के रूप में निकाले जाने वाले कपड़े कितने अधिक निकलते हैं अगर यह देखना हो तो इन दिनों नेकी की दीवार पर जाकर दे आ सकते हैं।




### नपा ने खरीदा था डी फ्रेजर, नहीं आया काम

नेकी की दीवार अभियान शुरू में सरकार की दिलचस्पी लेने के चलते एक दो वर्षों तक तो खूब सफल रहा। लोग अपने पहनने लायक अच्छे कपड़े जूते इत्यादि यहां रखने लगे थे जिन्हें गरीब ही नहीं वह लोग भी ले जाकर उपयोग करने लगे थे जिनको उनकी जरूरत नहीं थी इस परंपरा को और अधिक विकसित करने की गरज से दौलतराम गुप्ता की परिषद ने डी फ्रीजर खरीदा था करीब 30000 रुपए में खरीदे गए। इस डी फ्रीजर का उपयोग शादी ब्याह में बचे हुए खाने को संग्रह कर गरीबों में वितरण करने के लिए उद्देश्य किया गया था लेकिन नेकी की दीवार पर सरकार ओर प्रशासनिक अधिकारियों की नजर धीरे-धीरे हटाना शुरू हो गई और लोगों ने भी अधिक ध्यान देना बंद कर दिया नतीजा यह हुआ कि कपड़े आदि के साथ डी फ्रीजर का भी उपयोग नहीं हो सका।

### अमल में नहीं आ रही जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को टॉर्चर से बचाने की योजना

# अनदेखी: कहीं दिखाई नहीं पड़ रही तो कहीं स्कूल की दीवार से उतर गई शिकायत पेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्कूलों में विद्यार्थियों व अभिभावकों को स्कूलों में शैक्षणिक व प्रबंधन के संबंध में शिकायत व सुझाव देने के साथ विद्यार्थियों के साथ चार दिवारी के बीच होने वाली टॉर्चर रोकने की व्यवस्था है। इसके लिए स्कूलों में प्राचार्य कक्ष व स्टाफ कक्ष के बाहर शिकायत पेटी व सुझाव बाक्स लगाए हैं। पर जिले के अधिकतर स्कूलों में अब यह व्यवस्था धराशाई होती दिखाई पड़ रही है। कहीं पेटी लटकी दिखाई नहीं दे रही है तो कही पेटी का ताला ही नहीं खुल रहा है।

स्कूलों में शिकायत एवं सुझाव पेटियां लगाई गई हैं लेकिन इसमें कभी कोई शिकायत व सुझाव नहीं आते हैं। कई स्कूलों में तो पेटियां टूट कर गायब हो चुकी हैं। इस मामले में स्कूल प्रबंधन का तर्क है कि बच्चों की इसकी आदत नहीं है वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि शिकायत व सुझाव लिखकर शिकायत पेटी में कैसे डालें पेटी में शिकायत पत्र डालने के बजाए विद्यार्थी सामान्य तौर सीधे ही शिक्षकों से शिकायत करतें हैं, जिसका निराकरण शिक्षक व प्राचार्य से करा देते हैं।




### निर्भया टीम की सक्रियता से भी बेकार हुई शिकायत पेटी

महिलाओं व युवतियों को शोषण से बचाने और उनमें आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर निर्भया टीम न सिर्फ सार्वजनिक स्थानों पर अपनी गाड़ी से पेट्रोलिंग कर रही है बल्कि समय-समय पर स्कूलों में पहुंचकर छात्राओं को गुड टच बेड टच की जानकारी देने के साथ उनमें आत्म विश्वास भरने का काम भी कर रही है। छात्राओं के साथ पुलिस अफसरों के सीधे संवाद करने से उनके आत्म विश्वास में बढ़ोतरी देखी जा रही है। छात्राओं की महिला पुलिस से दोस्ती भी बन रही है जिसके चलते हुए महिला पुलिस अफसर के मोबाइल नंबर भी छात्राएं अपने पास रख रही हैं जिनका उपयोग वह जरूरत पड़ने पर निसंकोच कर भी रही हैं। इसलिए भी स्कूलों में लटकी पेटी में छात्राओं को शिकायत पत्र डालने के बजाय सीधे महिला पुलिस निर्भया टीम से शिकायत करना आसान लगता है।

### कोर्ट के निर्देश हैं स्कूलों में पेटी लटकाना




अभी हाल ही में केरल हाइकोर्ट ने सभी स्कूलों में शिकायत व सुझाव पेटी अनिवार्य रुप से रखने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले बाल संरक्षण आयोग ने भी स्कूलों में शिकायत पेटी लटकाने के निर्देश दिए हुए हैं छोटे बच्चों वाले स्कूलों में इस तरह की पेटी अनिवार्य की गई है जिन स्कूलों में पेटी नहीं लटकी मिलती है उनकी मान्यता निरस्त करने के साथ बाल संरक्षण आयोग उन पर दंडात्मक कार्रवाई भी कर सकता है। कई बार रोचक निरीक्षण कर बाल संरक्षण आयोग पेटी खोलकर उसमें डाली गई शिकायत को भी पढ़ने का काम करता रहता है। बच्चों द्वारा कि गई शिकायत को बाल संरक्षण आयोग बेहद गंभीरता से लेता है।

### इनका कहना है...

सभी स्कूलों में शिकायत एवं सुझाव पेटी लगवाई गई है। जिनमें छात्र और छात्राओं के साथ अभिभावक भी अपने सुझाव एवं शिकायत लिखकर डाल सकते हैं। प्रिंसीपल अपनी निगरानी में पेटी का ताला खोलकर शिकायत का निराकरण करते हैं। अगर किसी स्कूल में पेटी नहीं लटकी हुई है तो वहां भी पेटी लगवा दी जाएगी।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में निर्भया गाड़ी घूम घूम कर युवतियों व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कर रही है। साथ ही स्कूलों में पहुंचकर छात्राओं को उनके अधिकार बताने के साथ-साथ गुंडे बदमाश मवालियों से कैसे बचाव करें तरीके सीखाकर आत्मविश्वास पैदा करने का काम किया जा रहा है। छात्राएं निर्भया टीम के मोबाइल नंबर अपने पास रखतीं हैं यह नंबर उन्हें हर समय सुरक्षा मुहैया कराता है।

**यासमीन खान**
**महिला थाना टीआई श्योपुर**

# श्योपुर क्षेत्र के पंडितों का मत: एक नवंबर को मनाएं दीपोत्सव, करें महालक्ष्मी पूजन

**श्योपुर।** इस साल दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन को लेकर बनी भ्रम की स्थिति को लेकर श्योपुर क्षेत्र के 75 पंडितों ने एक मत होकर यह निर्धारण किया है कि दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन 1 नवंबर को करना शुभ फलदायी रहेगा और एक नवंबर को ही भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भी दीपोत्सव मनाते हुए महालक्ष्मी पूजन किया जाएगा। बता दें कि इस साल दीपावली पर होने वाले महालक्ष्मी पूजन को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कोई पंडित कह रहा है कि 31 अक्टूबर को महालक्ष्मी पूजन करना शुभ रहेगा तो कोई पंडित एक नवंबर को महालक्ष्मी पूजन करना शुभ बता रहे है। पंडित हरिओम शरण शास्त्री ने बताया कि श्योपुर में संचालित नीलकंठ वैदिक गुरूकुलम के विद्धानों सहित श्योपुर क्षेत्र के वैद्धक पंडितों के द्वारा आपस में चर्चा करते हुए यह तय किया गया है कि महालक्ष्मी पूजन एक नवंबर को करना अधिक शुभफल दायी रहेगा। उनका कहना है कि स्वांति नक्षत्र 1 नवंबर को होने से महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व है। इसके अतिरिक्त जिस दिन भाद्रपद कृष्ण द्वादशी गोवत्स द्वादशी पूजा होती है उसी वार को लक्ष्मी पूजन एवं गो पूजन किया जाता है।इसलिए शुक्रवार 1नवंबर को महालक्ष्मी पूजन एवं गो पूजन करना चाहिए। इसके साथही अयोध्या में दीपोत्सव शुक्रवार 1नवंबर को रहेगा इसलिए हमे ये उत्सव एक नवंबर को ही मानना चाहिए।



## तीन वर्षों में दुर्घटनाओं में 280 लोगों की मौत हो गई

# जिले में 2022 में 315 इसके बाद 2023 में 308 व 2024 में 322 सड़क दुर्घटनाएं हुईं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

जिले मे सडक दुर्घनाओ का ग्राफ लगातार बढ रहा है। पिछले तीन सालो मे 280 लोगो को अपनी जान गवाना पडी है। सडक दुर्घटनाओ का कारण जिले मे अच्छी सडको का निर्माण होना और दूसरे वाहनो की संख्या बढना है। इन घटनाओ मे कई ब्लैक स्पॉट ऐसे है जहा तेज गति से आने वाले वाहन सडक दुर्घटनाओ का शिकार हो जाते है। जिले मे अगर पिछले तीन वर्षो के आंकडो पर एक नजर डाले तो जिले मे वर्ष 2022 मे जनवरी से दिसंबर तक 315 सडक दुर्घटनाए हुई जिनमे 380 लोग घायल हो गए और 93 लोगो को अपनी जान गवाना पडी।

इसी प्रकार वर्ष 2023 मे जनवरी से दिंसबर तक 308 सडक दुर्घटनाए हुई 376 लोग घायल हुए और 97 लोगो को अपनी जान गवाना पडी। यानि 2022 की तुलना मे 2023 मे सडक दुर्घटनाए 7 कम हुई घायलो की संख्या 4 कम रही लेकिन मृतको की संख्या 97 पर पहुच गई। जबकि 2022 मे सडक दुर्घटनाए अधिक हुई थी और मृतको की संख्या कम थी। 2023 मे दुर्घटनाए कम हुई और मृतको की संख्या अधिक हो गई। एक नजर 2024 के जनवरी से लेकर सिंतबर तक के आंकडो पर डाले तो अब तक 322 सडक दुर्घटनाए हो चुकी है। 352 लोगो को घायल होना पडा हैं और मृतको की संख्या 90 का आंकडा पार कर गई है। जबकि अभी इस वर्ष के समाप्त होने मे अक्टूबर,नबंबर दिसबर शेष है। इन तीन महिनो के बाद आंकडे क्या होगें। इस पर कुछ नही कहा जा सकता लेकिन इस बार सडक दुर्घटनाओ की संख्या पिछले दो वर्षो की तुलना मे अधिक हो सकती है।

### यातायात पुलिस के रिकॉर्ड मे जिले मे 7 ब्लैक स्पॉट





अशोकनगर जिले मे जिन स्थानो पर यातायात पुलिस के रिकॉर्ड मे अधिक घटनाए होती है। ऐसे ब्लैक स्पॉट 7 है। जिनमे ग्राम रातीखेडा गुना अशोकनगर रोड, कुडी घाट की पुलिया के पास, नगउखेडी तिराहा गुना अशोकनगर रोड, मुगावली बहादुरपुर रोड पर ग्राम दुडेर का मोड,चंदेरी मे पनखुआ मंदिर के पास चंदेरी मुगावली रोड, सिंगपुर घाटी रोड, और ग्राम देसाई खेडा रोड शामिल है। यहा वाहन अक्सर दुर्घटनाओ का शिकार हो जाते है। अगर यातायात पुलिस के इन रिकॉर्ड के बाहर अगर अन्य ब्लैक स्पॉट देखे तो ईसागढ चंदेरी के बीच नसीहर घाटी का मोड, चंदेरी से प्राणपुर के बीच घाटी का मोड और अशोकनगर से बंगला चैराहे के बीच बेलई के समीप कोयल घाटी भी खतरनाक रास्तो मे शामिल है। इसके अलावा अशोकनगर विदिशा बायपास रोड को देखे तो यहा युवराज होटल के समीप सडक घुमावदार है इसी तरह एलकेडी अस्पताल के पास बायपास रोड पर घुमावदार रास्ता भी वाहन चालको के लिए खतरनाक है।

### सडक दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण

जिले मे इन सडक दुर्घटनाओ को रोकने के लिए प्रयास भले ही यातायात पुलिस द्वारा किए जाते हो किंतु परिवहन विभाग द्वारा इस दिशा मे कोई कार्रवाई नही की जाती। जिले मे सडक दुर्घटनाओ की जो वजह सामने आ रही है। उसमे सबसे पहला कारण तो यह है कि जिले मे अच्छी सडको का निर्माण होना है। सडक अच्छी होने के कारण वाहन तेज गति से चलते हैं दोनो ही तरफ से आने वाले वाहन की गति पर अंकुश लगाने से पहले ही दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इसके अलावा जिले मे वाहनो की संख्या तेजी से बडी है। कभी जिनके पास मोटर सायकिल जैसे वाहन नही होते थे। आज उनके पास तो यह वाहन है ही साथ मे लगभग लगभग अधिकांश परिवार चाहे वह छोटी श्रेणी के हो या बडी श्रेणी के हो सभी के पास इस तरह के वाहन है। अगर कार की बात करें तो अब कार रखना भी लोगो का शोक हो गया है। शहर की किसी भी पॉश कालोनी मे आप निकल जाए लगभग हर घर के बाहर आपको कार रखी मिलेगी। जब से कंपनियॉ फायनेंस कर वाहन उपलब्ध करा रही है तबसे वाहन खरीदने वालो की संख्या और बडी है।

### सड़कों पर नही है संकेतक

जिले मे सडको का निर्माण कई विभागो के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन जिन मार्गो पर यातयात का दबाव अधिक रहता है उन मार्गो पर सडक निर्माण करने वाली कंपनी और संबधित ठेकेदार द्वारा संकेतक भी नही लगाए जाते जिससे वाहन चालको को दिन मे और रात मे परेशानियो का सामना करना पडता है। पहले अकेला लोक निर्माण विभाग हुआ करता था। अब शासन ने एक विभाग के कई टुकडे कर दिए है। जिनके द्वारा सडको का निर्माण किया जाता है। जिनमे लोक निर्माण विभाग के साथ मध्यप्रदेश सडक विकास प्राधिकरण ,प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना जैसे कई विभाग शामिल है। यदि इनके द्वारा सडक बनाते समय संकेतक लगाए जाए तो सडक दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है।

### हेलमेट न लगाने से दोपहिया चालकों की होती मौत

जिले मे हेलमेट का उपयोग दो पहिया वाहन चालको द्वारा कम उपयोग किया जाता है जिसके कारण अधिकांश दुर्घटनाओ मे वाहन चालको को अपनी जान गवाना पडती है। गाव से शहर आने वाले और एक जिले से दूसरे जिले मे जाने वाले दो पहिया वाहन चालको द्वारा हेलमेट का उपयोग करने के आदेश होने के बाद भी इनका उपयोग नही किया जा रहा है। पूर्व मे जिले के अधिकारियो ने दोपहिया वाहन चालको पर हेलमेट न लगाने पर सख्ती भी की थी। साथ मे सभी पेट्रोल पंप संचालको को आदेश भी जारी किए गए थे कि बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया वाहन चालको को पेट्रोल प्रदान न किया जाए। इस तरह की सूचना सभी पेट्रोल पंपो पर चस्पा भी की गई थी कि अगर उनके द्वारा बिना हेलमेट वाले वाहन चालको को पेट्रोल प्रदान किया गया तो उनके विरूध आवश्यक वस्तु अधिनियम की कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

जिले मे सात ब्लैक स्पॉट है जहा अधिकांश दुर्घटनाए होती है जिसे लेकर मध्यप्रदेश विकास सडक प्राधिकरण के अधिकारियो को पत्र लिखा गया है कि इन स्थानो पर सडक दुर्घटनाओ को रोकने के लिए जो सडक निर्माण के दौरान नॉर्म्स है उनका पालन किया जाए। ताकि इस तरह की घटनाए न हो सके।

**स्नेहा ठाकुर**,यातायात थाना प्रभारी अशोकनगर।

## स्कूली बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने से रोका, चालान बनाए



### नाबालिग स्कूली वाहन चालकों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन के निर्देशन में थाना यातायात द्वारा थाना कोतवाली एवं थाना देहात के बल के साथ संयुक्त रूप से विदिशा रोड पर नाबालिग दो पहिया स्कूली वाहन चालकों की चेकिंग की गई। इस दौरान जो भी बच्चे वाहन लेकर पहुचे उन बच्चो के अभिभावको पर कार्रवाई कर चालान बनाए गए और हेलमेट का उपयोग करने के निर्देश दिए गए ।

नाबालिग स्कूली बच्चे अपने दो पहिया वाहन चलाकर स्कूल आते है जिनके अभिभावक भी अपने नाबालिग बच्चो को दो पहिया वाहन से आने की अनुमति देते है। नाबालिग बच्चे दो पहिया वाहन चलाने से सडक दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते है। इस प्रकार की दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु थाना यातायात द्वारा विदिशा रोड पर स्कूली बच्चो की वाहन चैकिंग की गई। वाहन चैकिंग में 13 स्कूली नाबालिग बच्चे अपने स्वंय के दो पहिया वाहन से स्कूल से घर जाते हुए मिले। जिन्हें रोककर उनके अभिभावक को मौके पर बुला कर चलानी कार्यवाही की गई साथ ही समझाइस दी गई कि अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन नही चलाने देवें उनकी इस प्रकार की गलती से भविष्य में गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है।

मौके पर कुल 13 नाबालिग स्कूली बच्चे एवं उनके अभिभावको पर चालानी कार्यवाही कर 10700 रुपये समन शुल्क लिया गया। स्कूली बच्चों की वाहन चेकिंग निरंतर जारी रहेगी।

### एसपी के निर्देशन में सट्टेबाजों पर पुलिस का कसा शिकंजा, कई लोगों को किया गिरफ्तार

**चंदेरी।** नगर में बेधड़क चल रहे छुटफुट सट्टेबाजों पर पुलिस ने कार्रवाई की जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ऐसे सट्टे बजो पर कार्रवाई करने की प्लानिंग तैयार की बता दे की लगातार पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन को चंदेरी नगर में छोटे स्तर पर सट्टा चलाने वालों की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक मैं चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन को निर्देशित किया जिसके बाद कल शनिवार को खबर लेकर जाने तक सट्टेबाजों की धड़पकड़ करती रही बता दे कि सट्टे वजी को लेकर चन्देरी काफी चर्चाओं में बनी रहती है लेकिन ऐसे में पुलिस को अपनी सक्रियता दिखाने जरूरी पड़ जाती है।

## भारी पुलिस बल के साथ फतेहाबाद पहुंचा बल, कच्ची शराब की बरामद




हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंदेरी

**खबर का असर**

नगर के फतेहाबाद वार्ड क्रमांक 20 मैं सड़क किनारे सब्जी मंडी सी लगाकर शराब बेची जा रही थी जिसके चलते लोगों का काफी आना-जाना बना रहता था जिसको लेकर हरिभूमि समाचार पत्र ने अपने 19 अक्टूबर के अंक में फतेहाबाद सड़क किनारे बिक रही महुआ की कच्ची शराब,लोगों के हो रहे घर बर्बाद जैसी खबर को प्रमुखता के साथ अपने समाचार पत्र में प्रकाशित किया था जिसके बाद अशोकनगर पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने इस मामले को गंभीरपूर्वक संज्ञान में लिया और चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन को निर्देशित किया जिसके बाद कल सुबह भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी फतेहाबाद पहुंचे जहां घरों में रखी कच्ची महुआ की शराब को बरामद किया और शराब को जप्त कर कर थाने लेकर आए, बता दें कि यह कच्ची शराब के चलते कई लोगों के घर बेघर हो रहे हैं लोग मजदूरी कर जितना पैसा कमाते हैं वह पैसा शाम को इस शराब को पीने में गवा देते हैं स्थानीय पुलिस और आबकारी पुलिस कभी कबार यहां पर कार्रवाई करती है लेकिन यह अवैध शराब बेचने वाले लोग इतने वे सर्म है कि वह अपना धंधा फिर चालू कर देते हैं जिसके लिए अशोक नगर जिला कलेक्टर के निर्देशन में ऐसे कच्ची शराब बेचने वाले मकानों को चिन्हित कर कर जमीन दोज करने की कार्रवाई करना चाहिए जिससे कच्ची शराब बेचने वाले भी अपने सपने में सोने को मजबूर हो जाए।

## खुजराई की नदी में आए तीन मगर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खुजराई की नदी मे तीन मगर होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणो मे भय व्याप्त है। ग्रामीणो ने वन विभाग के अमले को फोन भी लगाया लेकिन वन विभाग के अधिकारी ने फोन तक नही उठाए। जिसके कारण मगर खुजराई की नदी मे बने हुए है और ग्रामीणो को आने जाने मे परेशानियो का सामना करना पड रहा है।

ग्राम खुजराई निवासी पंकज रघुवंशी ने बताया कि यह नदी उनके गाव मे बहती हुई आती है और आगे मूडरा की ओर जाती है। ग्रामीणजन इस नदी को पार कर इस पार से उस पार आते जाते हैं। इन दिनो ग्रामीण अंचलो मे रबी की फसलो की बोबनी का काम चल रहा है। किसानो को खेत के कार्यो के लिए मजदूरो को लाना ले जाना पडता है। किसानो के हरवाहे प्रतिदिन खेत से घर आते है और हर रोज खेत से घर जाते है। इसके अलावा अन्य ग्रामीण जनो को भी आना जाना पडता है। ऐसी स्थिति मे यहा खुजराई की नदी मे तीन मगर होने का मामला सामने आया है। उन्होने बताया कि उनके हरवाहे जब नदी से निकलकर आ रहे थे।

तभी उन्होने इन मगर को देखा जिसके एक मगर दिखाई दिया,दो मगर छिप गए। उन्होने पुलिस प्रशासन और वन विभाग के अमले से मांग की है कि नदी से इन मगरो को निकालने के लिए रेस्क्यु अभियान चलाया जाए। ताकि किसी ग्रामीण के साथ कोई घटना न हो सके।

### 20 लाख रुपए के निर्माण कार्य का नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया भूमि पूजन



अशोकनगर। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षदो के साथ 20 लाख के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। वार्ड क्रमांक 13 की पाराशर गली की विभिन्न गलियों मे सी सी सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य किया जाना है। इस अवसर पर वार्ड वासियों में ख़ुशी का माहौल देखा गया साथ है सभी. न. पर अध्यक्ष एवं पार्षदो का माल्यार्पण कर ख़ुशी जाहिर की। इस स्वर्णिम अवसर पर न. पा अध्यक्ष नीरज मानोरिया, न. पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा,पार्षद विपिन शिवहरे, पार्षद गीता आर्य, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी (सावन), पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), पार्षद प्रतिनिधि मनीष धुरेंटे, पार्षद प्रतिनिधि योगेश खेरा, पार्षद प्रतिनिधि सत्तू लोधी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल ओझा,सलिल त्रिपाठी, हरिओम रघुवंशी सहित वार्ड वासी उपस्थित रहें।

## पहले भाजपा जिला अध्यक्ष फिर नपाध्यक्ष ने ग्रहण की सदस्यता




हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

संगठन पर्व के दौरान भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस पछाड़ी खेड़ा पर जिले के सदस्यता अभियान प्रभारी, सक्रिय सदस्यता समिति के सदस्य, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की पहली रसीद काटकर की।

इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, प्रताप भान सिंह यादव, जिला महामंत्री नंदलाल यादव, रविंद्र लोधी, मुकेश कलावत, जिला मंत्री मनोज शर्मा, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष तीरथ नारायण शर्मा,नगर मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी, ग्रामीण अध्यक्ष सनत शर्मा,पप्पू चैधरी, रामकुमार रघुवंशी,ऋषि त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, महेंद्र भारद्वाज, सोनू सुमन,सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान में जिले में हम लगभग लक्ष्य की ओर पहुंच चुके हैं यह सब भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हो सका अभियान के दूसरे चरण में सक्रिय सदस्यता की जाना है जो सीमित है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक अपने संगठन के लिए जी तोड़ मेहनत कर कार्य करता है, और अंततः लक्ष्य को पा ही लेता है, हमने जिले में 2 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, अभी तक जिले में 1.90 लाख प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं।और 31 अक्टूबर तक 50 प्लस सक्रिय सदस्य और बनाना है। इस दौरान उन्होंने नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मापदंड के अनुसार सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई।

### भरे बाजार से पेठा व्यापारी के साढ़े चार लाख रुपए से भरा बैग चुरा ले गया चोर



**शिवपुरी।** पिछोर कस्बे के बाजार से एक पेठा व्यापारी का पैसे से भरे बैग को लेडिंग वाहन से चुरा ले गया। व्यापारी ने इसकी पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक दतिया के रहने वाले व्यापारी नरेंद्र गुप्ता शनिवार को लोडिंग वाहन में पेठा भरकर पिछोर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पिछोर के दुकानदारों से पुराना भुगतान भी लिया था। इसके बाद व्यापारी ने चार बजे लोडिंग वाहन ढांक बंगाला के सामने खड़ी कर दी थी। इस दौरान व्यापारी ने पैसों से भरा बैग लोडिंग वाहन की सीट पर छोड़ दिया था। तभी एक अज्ञात चोर आया और लोडिंग में रखे पैसों के भरे बैग को चुराकर ले गया। व्यापारी नरेंद्र के मुताबिक बैग में साढ़े चार लाख रुपए थे, जिन्हें चोर चुरा ले गया। शिकायत के बाद पिछोर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## शिक्षा विभाग की वुशू में 16 और फेंशिंग स्पर्धा में 11 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर



शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन ग्वालियर एवं फेसिंग स्पर्धा का आयोजन जबलपुर में 14-17अक्टूबर तक किया गया।

जिसमें अशोकनगर 16 खिलाड़ियों ने वुशू में 5 गोल्ड 8 सिल्वर एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त किये हैं एव जिसमें अशोकनगर के वुशू कोच राजदीप सिंह के नेतृत्व में राशि बालू, पूर्वी परिहार, सिमोन बालू, जिया धौलपुरिया, राधा ओझा ने गोल्ड एवं पायल अहिरवार, कपिल पाल, गुंजन शर्मा, अंशिका त्रिवेदी, पुष्कर अनुराग बरहा, संभवी चैहान,रूबी बरैया ने सिल्वर एवं याशिका शर्मा,अदिति सोनी, तरुण सांसी ने कांस्य पदक जीता है। वहीं जबलपुर में आयोजित फेंशिंग स्पर्धा में अशोकनगर के चहल यादव, हर्षदीप सिंह,सुमित अहिरवार ने गोल्ड एवं चहल, प्रियंका, विवेक राठौर, ने सिल्वर मैडल एवं आस्था जैन, प्रेणा सिंह रायजयदा, पूर्वी, ईशान खान, ऋतिक सेन ने फेंशिंग में कोच रविंद्र परिहार एवं साक्षी ओझा के नेतृत्व में कांस्य पदक जीतकर कर अशोकनगर जिले सहित ग्वालियर संभाग का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला वुशू संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, जिला कुराश संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी ने रोटरी क्लब में सभी खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया एवं आगामी महीनों में होने बाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता की शुभकामनायें दीं हैं एवं शिक्षा विभाग ने शानदार प्रदर्शन पर जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला, क्रीड़ा अधिकारी ओपी शर्मा ने खेल प्रेमियों को शुभकामनायें दीं हैं।

### आशा कार्यकर्ता निष्क्रिय घोषित, निरीक्षण के दौरान बंद मिला उपस्वास्थ्य केंद्र

## डेहरवारा उपस्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी






डॉ. आशीष व्यास ने शनिवार को कोलारस स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र डेहरवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के बंद पाए जाने पर बीएमओ को जिले से पत्र लिखकर सीएचओ को नोटिस जारी करने और आशा कार्यकर्ताओं को निष्क्रिय घोषित करने की कार्रवाई की।

सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि जांच में कोलारस विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र डेहरवारा पिछले दो माह से बंद पाया गया। इसमें एएनएम और सीएचओ के पद रिक्त हैं। नजदीकी उप स्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ खुशवेन्द्र मिश्रा को इसका अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। जांच के दौरान यहां आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नहीं के बराबर होना पाया गया। इसके बाद जानकारी के लिए जब आशा कार्यकर्ताओं को बुलाया गया तो एक भी आशा कार्यकर्ता उपस्थित नहीं हुई। जबकि अधिकारी एक घंटे तक वहां मौजूद रहे। इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र के चबूतरे पर ग्रामीणों का सोयाबीन सूखते मिला। इसके बाद सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषीश्वर ने जहां प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा को पत्र लिखकर उप स्वास्थ्य केन्द्र की चाबी, रिकार्ड के संबंध में प्रतिवेदन दो दिवस में देने का आदेश जारी किया है।

वहीं प्रभारी कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर खुशवेन्द्र मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी नही करने पर आशा कार्यकर्ता प्रसंध्या शर्मा, धनवंती पाल, कुसुम धाकड़ और कृष्णा धाकड़ को निषक्रिय घोषित करने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषीश्वर ने मोहराई सीएचओ और रिजोदा के प्रभारी सीएचओ भूपेन्द्र धाकड़ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।